पत्रांक : केन्द्रीय (मा०)–329/22–के०-230

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

प्रेषक,

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

सेवा में,

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक : 19/02/2023

**विषयः वार्षिक माध्यमिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2023 के सभी परीक्षा केन्द्रों की व्यवहृत उपस्थिति पत्रक (A), उपस्थिति पत्रक (B) के कम्प्यूटर एवं कार्यालय प्रति, अनुपस्थिति पत्रक, डिस्पैच मेमो, रौल शीट एवं अन्य सामग्री/अभिलेख समिति के विशेष दूत को प्राप्त कराने के संबंध में।**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि **वार्षिक माध्यमिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2023 कार्यक्रमानुसार दिनांक 14.02.2023 से दोनों पालियों में प्रारंभ है, जो दिनांक 22.02.2023 को संपन्न होगी।** सभी परीक्षा केन्द्रों की केन्द्रवार व्यवहृत उपस्थिति पत्रक (A), उपस्थिति पत्रक (B) के कम्प्यूटर एवं कार्यालय प्रति, अनुपस्थिति पत्रक, उत्तरपुस्तिका एवं ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक के डिस्पैच मेमो, रौल शीट एवं अन्य सामग्री/अभिलेख से संबंधित लिफाफा/कॉरूगेटेड बॉक्स मिलानोपरांत प्राप्त कर समिति कार्यालय में लाने हेतु आपके कार्यालय में **दिनांक 23.02.2023 से 24.02.2023 तक के लिए विशेष दूत की प्रतिनियुक्ति की गई है।**

2. इस परिदृश्य में सभी केन्द्राधीक्षक अपने–अपने परीक्षा केन्द्र की निर्दिष्ट सामग्रियाँ परीक्षा संचालन निर्देशिका (ज्ञापांक–केन्द्रीय (मा0)–923/20–22–के0 15, दिनांक 05.01.2023) की कंडिका–54 की तालिका की क्रम संख्या–03 से 10 के अनुरूप व्यवस्थित पैकिंग कराकर स्वयं अथवा विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से **उक्त अवधि में (दिनांक 23.02.2023 से 24.02.2023 तक)** आपके कार्यालय में प्रतिनियुक्त विशेष दूत को मिलान कराकर प्राप्त करायेंगे। स्पष्ट किया जाता है कि दिनांक 22.02.2023 को कतिपय परीक्षा केन्द्रों पर ही ऐच्छिक विषयों की परीक्षा दोनों पालियों में संपन्न होनी है तथा जिन परीक्षा केन्द्रों पर यह परीक्षा संपन्न होगी वहाँ परीक्षार्थियों की संख्या भी कम है। इसलिए निर्दिष्ट सामग्रियों को केन्द्राधीक्षक दिनांक 22.02.2023 से ही पैकिंग कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ताकि उनके द्वारा अचूक रूप से उक्त अवधि में अपने परीक्षा केन्द्रों की सामग्री प्राप्त कराया जा सके। **यदि किसी केन्द्र की यह सामग्री समिति के प्रतिनियुक्त विशेष दूत को प्राप्त नहीं होगी, तो इसे गंभीरतापूर्वक लिया जायेगा।**

3. उल्लेखनीय है कि उक्त अवधि में परीक्षा केन्द्रों एवं आपके कार्यालय में रिजर्व के रूप में आपूरित अव्यवहृत डाटायुक्त एवं डाटारहित उत्तरपुस्तिका एवं ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक तथा अन्य परीक्षा सामग्री जो शेष बचे होंगे, उसे भी विशेष दूत को हस्तगत करा दिया जाएगा। इसके लिए परीक्षा संचालन निर्देशिका (ज्ञापांक–केन्द्रीय (मा0)–923/20–22–के0 15, दिनांक 05.01.2023) की कंडिका–55 में स्पष्ट निदेश अंकित है।

4. वर्णित परिदृश्य में अनुरोध है कि उपर्युक्त आलोक में अपने अधीनस्थ सभी केन्द्राधीक्षक को आवश्यक कार्रवाई हेतु अनिवार्य रूप से निदेशित की जाय। यह भी अनुरोध है कि आपके जिला का सभी परीक्षा केन्द्रों की निर्दिष्ट सामग्रियाँ उक्त अवधि में समिति के विशेष दूत को अनिवार्य रूप से प्राप्त हो, इसके लिए भी अपने स्तर पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

विश्वासभाजन,

19.02.23

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

(P.T.O)

19/2/23 19/2/23

Letter C1_23_244

ज्ञापांक : केन्द्रीय (मा०)–329/22–का०-230/पटना, दिनांक : 19/02/2023